



## संक्षिप्त समाचार

### एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मनाया हरेला लोक पर्व

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई द्वारा उत्तराखंड के लोकपर्व एवं प्रकृति पूजन का प्रतीक हरेला लोक पर्व को मनाया गया है। हरेले से ही श्रावण मास और वर्षा ऋतु का आरंभ माना जाता है। हरेले के तिनकों को इष्ट देव को अर्पित कर अच्छे धन–धान्य, दुधारू जानवरों की रक्षा और परिवार व मित्रों की कुशलता की कामना की जाती है। हरेला पर्व के उपलक्ष्य में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कार्यकर्ताओ लने विकास नेगी के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को डीएवी पीजी कॉलेज दून एवं अन्य जगहों पर नीम के पौधे का पौथारोपण किया गया।

### हरेला पर्व पर 1500 बच्चों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में लिया भाग

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरांचल पंजाबी महासभा प्रदेश अध्यक्ष राजीव घई के नेतृत्व में आज उत्तराखंड के सभी धार्मिक स्थल गुरुद्वारा, मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, हेमकुंड साहिब, चारो धाम में पूजा अर्चना कोरोना संकट को दूर करने के लिए की गई। इस अवसर पर महासभा की ओर से हरेला अध्यक्ष डॉ प्रेम कश्यप के सहयोग से उत्तराखंड में 1500 बच्चों ने हरेला पर्व को मनाते हुए पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर प्ले ग्रुप से लेकर बारवी तक बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर माइ ट्री ,द नेचर, कोरोना वारियर, आर फॉरेस्ट, सेव योर फ्यूचर सेव एनवायरनमेंट इन पर पेंटिंग बनाई।

### उत्तराखंड में हरेला पर्व पर वृक्षारोपण की मुहिम

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में पर्यावरण संरक्षण को संस्कृति से जोड़ने के लिए पारंपरिक पर्व हरेला को अभियान के रूप में मनाया गया। देहरादून के सिटी पार्क में एमडीडीए ने बृहत् अभियान चलाकर 500 पौधों का पौधारोपण किया। एमडीएनए नवनिर्मित सिटी पार्क में एक सीरीज में पौधे लगाएं जिसमें कुछ छायादार वृक्ष थे और कुछ फल फूलों के पौधे थे ।

### भारत में लॉन्च हुई नयी बीएमडब्ल्यू एस 1000 एक्सआर

**संवाददाता** देहरादून। बीएमडब्ल्यू मोटोराड इंडिया ने अपनी अंतराष्ट्रीय बेस्ट–सेलिंग एडवेंचर स्पोर्ट बाइक नयी बीएमडब्ल्यू एस 1000 एक्सआर भारत में लॉन्च की है। नयी बाइक कंप्लीटली बिल्ट–अप यूनिट सीबीयू के रूप में बीएमडब्ल्यू मोटोराड डीलर नेटवर्क के जरिए उपलब्ध है। नयी बीएमडब्ल्यू एस 1000 एक्सआर किसी भी किस्म का समझौता नहीं करती है। यह एक ऑल–डे स्पोर्ट्स बाइक है जो अनूठे ढंग से स्पोर्टी और लंबी दूरी के परफॉर्मेंस का बेहतरीन मेल करती है। इसका स्पोर्टी अंदाज आरआर से आता है।

# प्रधान एवं क्षेत्रवासी पौधों को गोद लें: सीएम

**हरेला पर्व**

■ एक घंटे में लगभग 3 लाख 50 हजार पौधों का किया गया रोपण



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गुरुवार को हरेला पर्व के अवसर पर अस्थल, रायपुर, देहरादून में उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध लोकगायक स्वर्गीय जीत सिंह नेगी जी की पुण्य स्मृति में पौधा लगा कर स्मृति वन का उद्घाटन किया। प्रदेशवासियों को हरेला पर्व की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने सभी से अनुरोध किया कि वे अपने दिवंगत परिजनों और मित्रों की स्मृति एवं किसी भी शुभअवसर पर एक पौधा अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि हमें न केवल पौधे लगाने हैं बल्कि इनकी उचित देखभाल भी सुनिश्चित करनी है।

मुख्यमंत्री ने धाद संस्था को उत्तराखण्ड से सम्बन्धित ऐसे लोगों की स्मृति में, स्मृति वन लगाने पर बधाई दी, जिन्होंने उत्तराखण्ड की आंचलिक संस्कृति, बोली भाषाओं के संरक्षण एवं इतिहास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि इन वृक्षों को सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने गाँव के प्रधान एवं क्षेत्रवासियों से इन पौधों के संरक्षण के लिए एक–एक, दो–दो पौधे गोद लेने का भी आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भले ही पौधे कम लगाए जाएं परन्तु जितने भी लगाए जाएं उनको जीवित रखने का हर सम्भव प्रयास किया जाना चाहिए। इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इससे जुड़ना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जल संरक्षण का संकल्प लिया गया था। उसके बाद हरेला के पर्व के अवसर अल्मोड़ा जिले की कोसी नदी की घाटी में 1 घंटे में 1 लाख 67 हजार पौधे लगाए गए थे। अगले वर्ष उसी नदी के किनारे 2 लाख 67 हजार पौधे लगाए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष हरेला के लिए हमने बहुत बड़ा लक्ष्य रखा था परन्तु कोरोना महामारी के कारण, सामाजिक दूरी बनाए रखने के कारण यह सम्भव नहीं हो पाया। फिर भी इस वर्ष देहरादून जिले में 2 लाख 75 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया था, इसमें आज लगभग 3 लाख 50 हजार पौधे लगाए गए हैं। इसमें 60 हजार से अधिक फलदार पौधे हैं। इसके लिए उन्होंने जिलाधिकारी देहरादून, उनकी टीम एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को भी बधाई दी।





### अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी की आवश्यकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने प्रदेश को हराभरा बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर में नींबू, अमरूद और पपीता के पौधे अवश्य लगाने जाने चाहिए। यह स्वास्थ्य के लिए काफी लाभप्रद होते हैं।

विधायक श्री उमेश शर्मा काऊ ने प्रदेशवासियों को हरेला पर्व की बधाई देते हुए कहा कि इन पौधों की देखभाल करने का अनुरोध किया। इससे पहले मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री श्री हरक सिंह रावत, प्रमुख वन संरक्षक श्री जयराज ने मुख्यमंत्री आवास में रूद्राक्ष सहित अन्य प्रजातियों के पौधे लगाए।

# लोक संस्कृति से जुड़ा पर्यावरण संरक्षण का महोत्सव

**शिकायत**

■राज्यपाल ने किए महिलाओं के उपयोगार्थ औषधीय पौधे वितरित



देहरादून। **संवाददाता**

राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने गुरुवार को हरेला पर्व के अवसर पर राजभवन में ग्रामीण महिलाओं के उपयोगार्थ हल्दी, घृतकुमारी, तुलसी, गिलोय, लेमन ग्रास जैसे औषधीय पौधे वितरित किए। राज्यपाल ने कहा कि यह पांच पौधे हर घर में होने चाहिए। राज्यपाल ने राजभवन परिसर में मौल श्री और आल स्पाइसेस का रोपण भी किया। इस दौरान राज्यपाल मौर्य ने कहा कि स्थिति सामान्य होने पर वे राजभवन में राज्यभर से ग्रामीण महिलाओं को बुलाकर उनसे पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण आर्थिकी और स्वरोजगार पर संवाद करेंगी।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये राज्यपाल मौर्य ने कहा कि हरेला पर्व उत्तराखंड की लोक परंपराओं तथा लोक संस्कृति से जुड़ा पर्यावरण संरक्षण का महोत्सव है। हरेला पर्व के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश मिलता है। राज्यपाल मौर्य ने कहा कि पौधारोपण के समय औषधीय व स्वास्थ्यवर्द्धक पौधों के रोपण को विशेष महत्व दिया जाना चाहिये। कोविड–19 की वैश्विक महामारी के दौर में पारंपरिक औषधीय पौधो का उपयोग तथा महत्व बढ़ गया है। राज्यपाल मौर्य ने कहा कि हमारे यहां दैनिक प्रयोग में लाए जाने वाले कई मसाले हल्दी, धनिया, काली मिर्च, जीरा, अजवाइन आदि अत्यंत गुणकारी होते हैं। इसी प्रकार हमारे यहां गिलोय, नीम, हल्दी, आंवला, घतकुमारी जैसे औषधीय गुणों से युक्त कई पौधे होते हैं। अधिकांश पौधे घरों के किचन गार्डन, गमलों में आसानी से उगाए जा सकते हैं।

राज्यपाल मौर्य ने ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं का आह्वान करते हुए कहा कि कहा कि हरेला के अवसर पर औषधीय पौधों के महत्व के प्रति जागरूकता लाने के लिए हमारी बहनें इन पौधों की गुणवत्ता को पहचानें और इन्हें अपने उपयोग में लाए।

### एक अगस्त से खाद्यान्न का उठान व वितरण नहीं करेंगें राशन विक्रेता

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड उचित दर राशन विक्रेता एसोसिएशन की बैठक में कोरोना वायरस कोविड 19 की संभावना को देखते हुए बायोमैट्रिक से राशन वितरण नहीं करेंगें का निर्णय लिया गया और एक अगस्त से खाद्यान्न का वितरण व उठान नहीं किया जायेगा। वहीं पंचायती मंदिर में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपा गया।

एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि पूरे प्रांत के विक्रेताओं की भांति दून जनपद के राशन विक्रेता भी अपना तथा उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए कोविड 19 के खतरे की संभावना को देखते हुए बायो मैट्रिक से राशन वितरण नहीं करेंगें। शासन द्वारा उपरोक्त मांगों का आदेश जारी नहीं किया जाता तो प्रदेश के विक्रेताओं के साथ ही जनपद के समस्त विक्रेता एक अगस्त से खाद्यान्न का विरण नहीं करेंगें।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।